# Code No. 3804

**CLASS : 11th (Eleventh)** **Series : 11/Annual Exam.–2026**

रोल नं० ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

## हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

(Only for Fresh/School Candidates)

*समय : 3 घण्टे ]* *[ पूर्णांक : 80*

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** तथा प्रश्न **15** हैं।
- प्रश्न-पत्र में सबसे ऊपर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।
- परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।
- कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

**सामान्य निर्देश :-**

(i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड-अ** और **खण्ड-ब**।

(ii) **खण्ड-अ** में बहुविकल्पीय और **खण्ड-ब** में वर्णनात्मक प्रश्न हैं।

(iii) **खण्ड 'अ'** में कुल **6** प्रश्नों से **30** बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गये हैं। **खण्ड-ब** में कुल **9** प्रश्न हैं।

(iv) निर्देशानुसार विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(v) प्रश्न-पत्र के **दोनों खण्डों** में प्रश्नों की कुल संख्या **15** है और **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(vi) प्रश्न का उत्तर लिखते समय प्रश्न क्रम संख्या अवश्य लिखें।

(vii) सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखें।

(viii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दण्डित किया जा सकता है।



www.mseducationtv.com

## खण्ड – अ

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 × 1 = 5

स्पीति में कभी-कभी बारिश होती है। वर्षा ऋतु यहाँ मन की साध पूरी नहीं करती। धरती सूखी, ठण्डी और बंध्या रहती है।

स्पीति में साल में एक फसल होती है। मुख्य फसलें हैं : दो किस्म का जौ, गेहूँ, मटर और सरसों। इसमें भी जौ मुख्य है। सिंचाई का साधन पहाड़ों से आ रहे नाले हैं या उन पर बनाए कूल हैं। ये नालियाँ पहाड़ों के किनारे-किनारे बहुत दूर तक जाती हैं। स्पीति नदी का तट इतना चौड़ा है कि इसका पानी किसी काम में नहीं आ पाता। स्पीति में ऐसी भूमि बहुत है जो खेती के लायक बनाई जा सकती है। शर्त इतनी है कि इसके लिए स्पीति में जल उलीचा जाए। या फिर पानी का कोई और स्रोत पहुँचाया जाए। स्पीति में कोई फल नहीं होता। मटर और सरसों को छोड़कर कोई सब्जी नहीं होती। शायद ऊँचाई, वायुमण्डल के दबाव में कमी, ठण्ड की अधिकता, वर्षा की कमी वगैरह के कारण यहाँ पेड़ नहीं होते। इसलिए स्पीति विशेषकर नंगी और वीरान है।

(i) स्पीति में सिंचाई का साधन क्या है ?

(क) कुएँ

(ख) वर्षा का जल

(ग) पहाड़ों से आ रहे नाले

(घ) ट्यूबवेल

(ii) स्पीति की मुख्य फसलें कौन-सी हैं ?

(क) दालें और सब्जियाँ

(ख) मक्का और बाजरा

(ग) गेहूँ और चावल

(घ) जौ, गेहूँ, मटर और सरसों



www.mseducationtv.com

(iii) स्पीति में पेड़ क्यों नहीं होते ?

(क) लोग पेड़ नहीं लगाते

(ख) ऊँचाई, वायुमण्डल के दबाव में कमी और ठण्ड की अधिकता

(ग) मिट्टी उपजाऊ नहीं है

(घ) वर्षा की कमी

(iv) गद्यांश के आधार पर बताइए कि स्पीति कि धरती कैसी है ?

(क) पथरीली और ऊबड़-खाबड़

(ख) सूखी, ठण्डी और बंध्या

(ग) दलदली और नम

(घ) उपजाऊ और हरी-भरी

(v) स्पीति में कौन-से फल होते हैं ?

(क) सेब और नारियल

(ख) संतरा और सेब

(ग) कीनू और कीवी

(घ) कोई फल नहीं



www.mseducationtv.com

**2.** निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 1 = 5$

लहराते वे खेत दृगों में
हुआ बेदखल वह अब जिनसे,
हँसती थी उसके जीवन की
हरियाली जिनके तृन-तृन से!

आँखों में ही घूमा करता
वह उसकी आँखों का तारा,
कारकुनों की लाठी से जो
गया जवानी ही में मारा!

(i) किसान की आँखों में कौन-से खेत लहरा रहे हैं ?

(क) वर्षा के बिना सूखे खेत

(ख) किसान के मित्र के खेत

(ग) जिनसे उसे बेदखल कर दिया गया

(घ) बाढ़ में डूबे खेत

(ii) 'हँसती थी उसके जीवन की हरियाली जिनके तृन-तृन से' में कवि क्या दर्शाना चाहता है ?

(क) किसान का खेतों से जुड़ाव

(ख) किसान की फसल जो बाढ़ में डूब गई थी

(ग) किसान का खुशहाल जीवन

(घ) इनमें से कोई नहीं



www.mseducationtv.com

(iii) प्रस्तुत काव्यांश में किसान की किन भावनाओं को दर्शाया गया है ?

(क) गुस्सा और विद्रोह

(ख) गरीबी और बेबसी का दर्द

(ग) प्रेम और स्नेह

(घ) खुशी और उत्साह

(iv) किसान की आँखों का तारा किसकी लाठी से मारा गया था ?

(क) पुत्र की लाठी

(ख) नौकर की लाठी

(ग) दोस्त की लाठी

(घ) कारकुनों की लाठी

(v) 'हरियाली जिनके तृन-तृन से' में कौन-सा अलंकार है ?

(क) श्लेष अलंकार

(ख) यमक अलंकार

(ग) पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार

(घ) अनुप्रास अलंकार

**3.** काव्य खण्ड के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 1 = 5$

(i) कवि ने अपना संदेश पिता जी तक पहुँचाने का निवेदन किससे किया ?

(क) जेलर को

(ख) डाकिए को

(ग) सावन को

(घ) क्रांतिकारी साथी को



www.mseducationtv.com

(ii) संत कबीर किस काव्यधारा के कवि थे ?

(क) सगुण

(ख) निर्गुण

(ग) राम

(घ) कृष्ण

(iii) त्रिलोचन जी ने अपनी कविता के माध्यम से नारियों को क्या संदेश दिया है ?

(क) घर के काम में व्यस्त रहने का

(ख) नृत्य सीखने का

(ग) गीत गाने का

(घ) पढ़ने-लिखने का

(iv) 'दरख्त' किस भाषा का शब्द है ?

(क) तमिल

(ख) संस्कृत

(ग) अंग्रेजी

(घ) उर्दू-फारसी

(v) अक्क महादेवी ने किस देवता की भक्ति का संदेश दिया है ?

(क) राम

(ख) कृष्ण

(ग) हनुमान

(घ) शिव



www.mseducationtv.com

**4.** गद्य खण्ड के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 × 1 = 5

(i) 'तुरंत ट्यूशन लेना शुरू कर दो, वरना रह जाओगे' ये शब्द किसने किसको कहे ?

(क) रजनी ने अमित से

(ख) अमित ने पाठक से

(ग) मिस्टर पाठक ने अमित से

(घ) हेडमास्टर ने अमित से

(ii) बालमुकुंद गुप्त ने विदाई-संभाषण किस अंग्रेज शासक की विदाई के समय लिखा था ?

(क) लॉर्ड कर्ज़न

(ख) लॉर्ड कार्नवालिस

(ग) लॉर्ड हैस्टिंग्ज़

(घ) लॉर्ड विलियम

(iii) 'तेरे दिमाग में तो लोहा भरा है रे! विद्या का ताप कहाँ लगेगा इसमें' – यह कथन किसके लिए कहा गया है ?

(क) गोपाल सिंह

(ख) धनराम

(ग) मोहन

(घ) वंशीधर

(iv) 'रजनी' नामक एकांकी की लेखिका कौन है ?

(क) मन्नू भण्डारी

(ख) सुभद्रा कुमारी चौहान

(ग) महादेवी वर्मा

(घ) कृष्णा सोबती



www.mseducationtv.com

(v) 'अपू के ढाई साल' नामक पाठ के आधार पर **कॉलम – अ** को **कॉलम – ब** से सुमेलित करके, ***सही*** विकल्प चुनिए :

| **कॉलम – अ** | **कॉलम – ब** |
|---|---|
| 1. सत्यजित राय का जन्म | (i) 1921 ई० |
| 2. सत्यजित राय का निधन | (ii) 1992 ई० |
| 3. 'पाथेर पांचाली' का प्रदर्शन वर्ष | (iii) 1955 ई० |
| 4. अब्दुल गफ्फार खान का जन्म | (iv) 1890 ई० |

(क) 1 (iii), 2 (iv), 3 (ii), 4 (i)

(ख) 1 (iv), 2 (i), 3 (ii), 4 (iii)

(ग) 1 (iv), 2 (iii), 3 (ii), 4 (i)

(घ) 1 (i), 2 (ii), 3 (iii), 4 (iv)

**5.** ***'अभिव्यक्ति एवं माध्यम'*** पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 × 1 = 5

(i) विभिन्न घटनाओं, समस्याओं को समाचारों के रूप में परिवर्तित करते हैं :

(क) कवि

(ख) लेखक

(ग) यायावर

(घ) पत्रकार

(ii) स्ववृत्त की प्रमुख विशेषताएँ कौन-सी हैं ?

(क) सरल व सटीक भाषा में आवश्यक सूचनाएँ

(ख) अनुभव एवं ज्ञान के वर्णन में ईमानदारी

(ग) दोनों में से कोई नहीं

(घ) दोनों विकल्प सही हैं



www.mseducationtv.com

(iii) किसी कार्य का अनुपालन न होने की स्थिति में उसके बारे में पुनःस्मरण कराना हो तो आप पत्राचार के किस रूप का प्रयोग करेंगे ?

(क) अनुस्मारक या स्मरण पत्र

(ख) प्रेस विज्ञप्ति

(ग) टिप्पण

(घ) सूचना-पत्र

(iv) नीचे दिए गए शब्दों का शब्दकोशीय क्रम क्या होगा ?

अकंपित, आवृष्टि, अंतः, इक्षु

(क) आवृष्टि, इक्षु, अंतः, अकंपित

(ख) इक्षु, अंतः, आवृष्टि, अकंपित

(ग) अकंपित, आवृष्टि, अंतः, इक्षु

(घ) अंतः, अकंपित, आवृष्टि, इक्षु

(v) निर्देशक किसके आधार पर फिल्म की शूटिंग की योजना बनाता है ?

(क) अभिनेता

(ख) अभिनेत्री

(ग) पटकथा

(घ) नाटक

**6.** व्याकरण पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 1 = 5$

(i) 'निडर' में समास है :

(क) तत्पुरुष समास

(ख) अव्ययीभाव समास

(ग) द्वन्द्व समास

(घ) द्विगु समास



www.mseducationtv.com

(ii) 'निर्दयी' पद का विग्रह चुनिए :

(क) दयाहीन

(ख) नहीं है दया जिसमें वह (व्यक्ति विशेष)

(ग) दया से हीन

(घ) नहीं है दया जिसमें

(iii) कॉलम – अ को कॉलम – ब से सुमेलित करके ***सही*** विकल्प चुनिए :

| कॉलम – अ | कॉलम – ब |
|---|---|
| 1. रमेंद्र | (i) गुण संधि |
| 2. वनौषधि | (ii) वृद्धि सन्धि |
| 3. उल्लेख | (iii) व्यंजन सन्धि |
| 4. दुर्जन | (iv) विसर्ग सन्धि |

(क) 1 (ii), 2 (iv), 3 (i), 4 (iii)

(ख) 1 (iv),. 2 (ii), 3 (iii), 4 (i)

(ग) 1 (iii), 2 (i), 3 (iv), 4 (ii)

(घ) 1 (i), 2 (ii), 3 (iii), 4 (iv)

(iv) निम्नलिखित में से ***शुद्ध*** वाक्य छाँटिए :

(क) नदियाँ अपने साथ उपजाऊ भूमि लाती हैं।

(ख) नदियाँ अपने साथ उपजाऊ मिट्टियाँ लाती हैं।

(ग) नदियाँ अपने साथ उपजाऊ मिट्टी लाती हैं।

(घ) नदियाँ अपने साथ उपजाऊ भूमियों को लाती हैं।



www.mseducationtv.com

(v) 'प्रिया महोदय मुझे आज छुट्टी चाहिए' इस वाक्य में कौन-सा दोष है ?

(क) संज्ञा सम्बंधी

(ख) लिंग सम्बंधी

(ग) विशेषण सम्बंधी

(घ) परसर्ग सम्बंधी

## खण्ड – ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**7.** निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : $5 \times 1 = 5$

और इस अविश्वास-भरे दौर में
थोड़ा-सा विश्वास
थोड़ा-सी उम्मीद
थोड़े-से सपने
आओ, मिलकर बचाएँ
कि इस दौर में भी बचाने को
बहुत कुछ बचा है,
अब भी हमारे पास!



www.mseducationtv.com

**अथवा**

निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

पग घुंघरू बांधि मीरा नाची,

मैं तो मेरे नारायण सूं, आपहि हो गई साची

लोग कहै, मीरां भइ बावरी; न्यात कहै कुल-नासी

विस का प्याला राणा भेज्या, पीवत मीरा हाँसी

मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सहज मिले अविनासी

(i) कविता एवम् कवयित्री का नाम लिखिए।

(ii) मीरा कृष्ण की भक्ति में लीन होकर क्या करने लगी थी ?

(iii) मीरा ने कृष्ण के सामने किस भाव की अभिव्यक्ति की थी ?

(iv) लोग मीरा को क्या कहते थे और क्यों ?

(v) प्रस्तुत पद में निहित काव्य सौंदर्य को स्पष्ट कीजिए।

**8.** काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए :

(i) कबीर ने ऐसा क्यों कहा कि संसार बौरा गया है ? 2

(ii) कवि ने किस आशय से मेहनत की लूट, पुलिस की मार, गद्दारी-लोभ को सबसे खतरनाक नहीं माना ? 3



www.mseducationtv.com

**9.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

अलोपीदीन ने कलमदान से कलम निकाली और वंशीधर के हाथ में देकर बोले – न मुझे विद्वता की चाह है, न अनुभव की, न मर्मज्ञता की, न कार्य कुशलता की। इन गुणों के महत्त्व का परिचय खूब पा चुका हूँ। अब सौभाग्य और सुअवसर ने मुझे वह मोतीं दे दिया है जिसके सामने योग्यता और विद्वतां की चमक फीकी पड़ जाती है। यह कलम लीजिए, अधिक सोच-विचार न कीजिए, दस्तखत कर दीजिए। परमात्मा से यही प्रार्थना है कि वह आपको सदैव वही नदी के किनारे वाला बेमुरौवत, उद्दण्ड, कठोर परंतुं धर्मनिष्ठ दारोगा बनाए रखे!

**अथवा**

निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

"अब क्या किया जाए ?" इस पर एक मनचले ने कहा, "अगर पेड़ काटा नहीं जा सकता, तो इस आदमी ही को काटकर निकाल लिया जाए।"

"यह देखिए," उस आदमी ने इशारे से बताया, "अगर इस आदमी को ठीक बीच में से, यानी धड़ से काटा जाए जो आधा आदमी इधर से निकल आएगा, आधा आदमी उधर से बाहर आ जाएगा और पेड़ वहीं का वहीं रहेगा।

"मगर इस तरह तो मैं मर जाऊँगा।" दबे हुए आदमी ने आपत्ति प्रकट करते हुए कहा।

"यह भी ठीक कहता है।" एक क्लर्क बोला।

(i) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है और इसके लेखक कौन हैं ?

(ii) 'अब क्या किया जाए ?' किसने कहा ?

(iii) आदमी को काटकर निकालने का सुझाव क्यों दिया जा रहा है ?

(iv) दबे हुए आदमी ने क्या आपत्ति प्रकट की ?

(v) प्रस्तुत गद्यांश में निहित व्यंग्य स्पष्ट करें।



www.mseducationtv.com

**10.** गद्य खण्ड के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए :

(i) मियां नसीरुद्दीन का शब्द चित्र लेखिका ने कैसे खींचा है ? 3

(ii) भारत के विकास को लेकर आप क्या सपने देखते हैं ? 2

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी ***एक*** का उत्तर लगभग **250** शब्दों में दीजिए : 5

निदेशक अखिल भारतीय साहित्य एवं संस्कृति संस्थान, क्षेत्रीय कार्यालय, मुम्बई की ओर से मोबाइल फोन पर होने वाले व्यय की निर्धारित सीमा बढ़ाने के लिए महानिदेशक अखिल भारतीय साहित्य एवं संस्कृति संस्थान, नई दिल्ली को स्मरण पत्र लिखिए।

**अथवा**

स्ववृत्त (बायोडेटा) किसे कहते हैं ? स्ववृत्त का ***एक*** उदाहरण भी दीजिए।

**12.** ***'अभिव्यक्ति एवं माध्यम'*** पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए :

(i) रेडियो का सभी जनसंचार माध्यमों में स्थान निर्धारित कीजिए। 3

(ii) डायरी लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? 2

**13.** ***'वितान भाग-I'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए :

(i) लेखक ने लता की गायकी की किन प्रमुख विशेषताओं को उद्घाटित किया है ? 3



www.mseducationtv.com

(ii) चेजारों के साथ गाँव समाज के व्यवहार में पहले की तुलना में आज क्या फर्क आया है ? 2

(iii) बेबी की ज़िंदगी में तातुश का परिवार न आया होता तो उसका जीवन कैसा होता ? कल्पना करें और लिखें। 2

**14.** व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए :

(i) द्वन्द्व समास किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित व्याख्या करें। 3

(ii) 'दुः + उपयोग' का संधि कीजिए और 'रवीन्द्र' का संधि-विच्छेद कीजिए। 1 + 1

**15.** आदर्श जीवन मूल्य (उत्तरा) पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए : $2 \times 4 = 8$

(i) हमें कठोर वचन क्यों नहीं बोलने चाहिए ?

(ii) दियासलाई दीपक को जलाने से पहले खुद जलती है। क्या क्रोध की भी यही स्थिति है ? उदाहरण सहित लिखिए।

(iii) पाठ के अनुसार क्षमा की क्या परिभाषा है ?

(iv) डॉ० अब्दुल कलाम का जन्म कब और कहाँ हुआ ?



www.mseducationtv.com